हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 21 जुलाई 2024

04 परिजन हिंदूवादी संगठनों के साथ पहुंचे...

07 मंदिर में मुनिश्री ने दिए आशीष वचन बोले ...




## डीईओ बोले सभी ब्लॉको में समितियों का किया गया है गठन

# विद्यार्थियों के कंधों पर बस्तों का बोझ स्कूलों में बैग पॉलिसी का पालन नहीं

स्कूली बच्चों के बैग का वजन कम करने के लिए सरकार द्वारा बैग पॉलिसी पूरे प्रदेशभर के शासकीय और गैर शासकीय विद्यालयों में प्रभावशील की गई थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

निजी स्कूलों की मनमानी से मासूम बच्चों के कंधे और कमर झुके जा रहे हैं। जबरन नौनिहाल के कंधों पर भारी भरकम बस्तों का बोझ डाला जा रहा है। ऐसे में उनके कंधे और कमर तो कमजोर हो रहे हैं, ऐसे में बच्चों की मानसिक और शारीरिक स्थिति पर भी बुरे प्रभाव पड़ रहे हैं। स्कूलों की मनमानी और जिम्मेदारों की लापरवाहियों के बोझ तले बच्चों का बचपन दबते जा रहा है।

गौरतलब है कि स्कूली बच्चों के बैग का वजन कम करने के लिए सरकार द्वारा बैग पॉलिसी पूरे प्रदेशभर के शासकीय और गैर शासकीय विद्यालयों में प्रभावशील की गई थी। अभिभावक मोनू कहते हैं उनका भतीजा निजी स्कूल में कक्षा दो में पढ़ता है अभी से बस्ते में बहुत सी किताब और कापी लेकर जाता है। जितेन्द्र कुमार ने बताया कि इसी सत्र में बेटी अभी कक्षा पहली में है लेकिन बस्ते में दर्जन भर से ज्यादा कापी किताब होती हैं। अभिभावकों की बात स्कूल वाले नहीं सुनते इसलिए शिक्षा विभाग और अधिकारियों को



निरीक्षण कर कार्रवाई करनी चाहिए।

राकेश कुमार ने बताया कि कलेक्टर ने स्कूलों को निर्देशित किया था इसके बाद भी निजी विद्यालयों ने एडमिशन, फॉर्म की फीस बढ़ा कर ली, साथ ही मासिक फीस में भी मनमानी से बढ़ोत्तरी कर दी गई है। वजन को लेकर को चार्ट स्कूलों में नहीं लगाया जा रहा है। समिति तो बनी पर निरीक्षण नहीं हुआ।

गौरतलब है कि कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर ब्लाक लेबल पर बैग पालिसी को फॉलो कराने समिति तो गठित कर दी है। समितियों में प्रशासनिक अफसरों के साथ ही शिक्षा विभाग के बड़े अफसर शामिल हैं। नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए एक माह बीत चुका है लेकिन समीतियों द्वारा विद्यालय में निरीक्षण नहीं किए जा रहे हैं और न ही निजी स्कूलों में बस्तों के वजन किए गए। जिससे निजी स्कूलों की मनमानी बदस्तूर जारी है। पालिसी के मुताबिक पहली कक्षा में बच्चे के बैग का वजन 1.6 से 2.2 किलोग्राम तक होना चाहिए लेकिन कक्षा पहली के बैग का वजन 5 किलो से भी अधिक हो रहा है।

**बच्चों को प्रेशर न दें :** वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा गौरव ताम्रकार कहते हैं क्षमता से अधिक वजन उठाने के कारण बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास अवरूद्ध हो सकता है। पढ़ाई को लेकर स्कूल और पेरेंट प्रेशर न दें, छोटी कक्षाओं के बैग में सिर्फ दो कापी घर आनी चाहिए, बाकि कोर्स स्कूल में ही होना चाहिए।

### शिकायत मिलने पर जांच करते हैं

जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर का कहना है कि अलग-अलग ब्लॉकों में समीतियां गठित कर दी गई हैं। सभी को पत्र भी भेज दिए गए हैं। शिकायत मिलने पर जांच करते हैं।

## खबर संक्षेप में

### शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 431 पर खनन कार्य जांच होने तक प्रतिबंधित

**आगर-मालवा।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण एवं खनिज राजस्व के दृष्टिगत अशोक कुमार जैन के पक्ष में स्वीकृत उत्खनिपट्टा ग्राम परसुखेड़ी सर्वे क्रमांक-428 रकबा 2.000 हेक्टेयर के अतिरिक्त शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 431 में किए जा रहे खनन कार्य को पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। तहसीलदार आगर द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार पट्टाधारी अशोक कुमार जैन पिता हुकुमचंद जैन द्वारा उनके पक्ष में स्वीकृत केशर आधारित उत्खनिपट्टा ग्राम परसुखेडी सर्वे कमांक 428 रकबा 2.000 हेक्टेयर में खनन कार्य न किया जाकर, अन्य शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 431 में किया जा रहा है। उक्त खनन कार्य को जांच होने तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### बनेसिंह गुर्जर बने जिला अध्यक्ष

**नलखेड़ा।** अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था द्वारा आगर मालवा जिले में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। संस्था द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष चंद्रकांत गुर्जर एवं राष्ट्रीय कोर कमेटी द्वारा बनेसिंह गुर्जर पीपलिया सोनगरा को आगर जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। गुर्जर की नियुक्ति पर उनके इष्ट मित्रों तथा समाज जनों द्वारा बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण



**नलखेड़ा।** नगर की जायसवाल कॉलोनी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष के साथ अन्य पदाधिकारी द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आभा अरोड़ा चोपड़ा के द्वारा वृक्ष का महत्व बताया गया और सभी से पेड़ लगाने का आव्हान किया। महिला मोर्चा महा मंत्री सीमा बैरागी के निवास पर अरोड़ा का स्वागत किया गया। इस मौके पर साक्षी सकलेचा जिला महामंत्री, सीमा बैरागी मंडल महामंत्री, कोशल्या जायसवाल मीडिया प्रभारी, रोडीबाई बैरागी, चंदा रेखा विश्वकर्मा, राधा विश्वकर्मा, सरिता बैरागी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भटनागर ने नर्सिंग छात्रों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने आगर में नर्सिंग घोटाले से प्रभावित छात्रों से संवाद किया। छात्रों ने बताया की पिछले 3 वर्ष से छात्रों की परीक्षा आयोजित नहीं की गई। भटनागर ने संबोधित करते हुआ कहा की नर्सिंग घोटाले की वजह से मप्र के लाखों छात्र-छात्राएं प्रभावित हुए हैं। मध्यप्रदेश के चर्चित नर्सिंग महाघोटाले को लेकर प्रदेशभर में कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर रही है। आगर के छात्रों की समस्याओं को लेकर हम शासन प्रशाशन से मांग करेंगे कि नर्सिंग छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं के लंबे समय के बाद भी परिणाम जारी नहीं किए गए, जिसमें लाखों स्टूडेंट्स प्रभावित हुए। सत्र 2021-22, 2022-23 के छात्र छात्राओं की नामांकन की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है। छात्र 3-4 साल से फर्स्ट ईयर में ही हैं। प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट 2022 शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें 66 हजार छात्राओं ने परीक्षा दी थी लेकिन परीक्षा परिणाम आज तक जारी नहीं किए गए। 66 अपात्र नर्सिंग कॉलेजों के हजारों छात्र छात्राओं को पात्र नर्सिंग कॉलेजों में शिफ्ट करने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करना चाहिए। सरकार की लापरवाही की वजह से लाखों नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के जो 3 से 4 साल बर्बाद हुए हैं उसके एवज में सरकार को छात्र छात्राओं की फीस में रियादत देनी चाहिए। संवाद कार्यक्रम में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष इमरान अली सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने चिपिया व बरगढ़ी गोशालाओं का निरीक्षण कर पौधारोपण किया





**आगर-मालवा।** तहसील बड़ौद अंतर्गत ग्राम चिपिया एवं बरगढ़ी की गोशालाओं का कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। कलेक्टर ने गोशालाओं में गोवंशों से संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश गोशाला संचालकों को दिए। इस अवसर पर गायों का पूजन कलेक्टर द्वारा किया गया, साथ ही गोशाला परिसर में एक पौधा मां के नाम अभियान में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर किसान संघ के डूंगरसिंह सिसौदिया, कृषक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

कलेक्टर ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर योजनाओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में मासिक एवं त्रैमासिक प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, प्रसुति सहायता योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम, एएनसी पंजीयन, राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, टीकाकरण समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने निर्देश दिए कि वर्षाऋतु के दौरान मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जरूरी दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए, मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग से



संबंधित सीएम हेल्पलाईन पर दर्ज शिकायतों का समाधानकारी निराकरण किया जाए। बैठक में प्रभारी सीएमएचओ डॉ. राजेश गुप्ता, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. शशांक सक्सेना, डॉ. राजीव बरसेना, सहित समस्त बीएमओ, बीपीएम व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जैन समाज में चातुर्मास का हुआ आगाज

# जीवन में छोटा सा नियम भी आत्म कल्याण में सहायक बन जाता है : साध्वी जितेश रत्ना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जीवन में छोटा सा नियम भी हमारे आत्म कल्याण में सहायक बन जाता है। चातुर्मास के दौरान गुरु भगवंतो के श्रीमुख से जिनवाणी का श्रवण कर उसे जीवन में आत्मसात करें तो यह मानव जीवन हमारा सफल हो जाएगा। चातुर्मास में हम पाप से निवृत्ति एवं धर्म से प्रवृत्ति की ओर आगे बढ़ते हैं। यहां पर्व अहिंसा का पर्व है।

उक्त विचार जैन आराधना भवन में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी जितेश रत्ना श्रीजी ने चातुर्मास प्रारंभ होने के प्रथम दिवस शनिवार को प्रवचन के दौरान उपस्थित समाज जनों के समक्ष व्यक्त किए। साध्वी ने कहा कि इंद्रियों को जीतना है, तो उस पर अंकुश लगाना पड़ेगा। इसके लिए हमें तप, आराधना कर आत्मा को तपाना पड़ेगा। चातुर्मास के चार माह में आपको परमात्मा की आज्ञा का पालन कर जयणा पूर्वक सभी कार्य कर धर्म आराधना के लिए प्रवृत होना चाहिए। एक दृष्टांत के माध्यम से साध्वीजी ने बताया कि एक मंद बुद्धि बालक ने अपने जीवन में पानी छानकर पीने का छोटा सा नियम गुरु भगवंत से लिया था उस नियम के प्रतिफल में आगे जाकर वहां बालक एक राज्य का राजा बना। इसीलिए हमें यह जो मानव जन्म मिला है उसका सदुपयोग करने के लिए धर्म आराधना, परोपकार के कार्य तो करना ही है। वहीं कम से कम एक नियम जीवन में अवश्य लेना चाहिए। साध्वीजी ने कहा चातुर्मास के चार माह धर्म आराधना करने का सुनहरा अवसर हमें मिला है, इसमें हमें खूब धर्म आराधना कर इस दुर्लभ मानव जन्म को सफल बनाना है। जैन समाज में इस वर्ष वर्षाकाल चातुर्मास हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में चल रहा है।

# सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर भर्ती कैंप जिले में 22 से 26 जुलाई तक आयोजित होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

जिला प्रशासन के सहयोग से कैप्स्टन सर्विस लिमिटेड द्वारा जिले में सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए विशेष भर्ती शिविर 22 से 26 जुलाई के मध्य आयोजित किए जाएंगे। रोजगार विभाग के सांख्यिकीय अधिकारी संजीव पाटील ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए जनपद पंचायत बड़ौद में 22 जुलाई, नलखेड़ा में 23 जुलाई, सुसनेर में 24 जुलाई एवं आगर में 25 जुलाई को तथा नगर परिषद् सोयतकलां में 26 जुलाई को शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10 से 3 बजे तक आयोजित



किए जाएंगे। सुरक्षा जवान के लिए शैक्षणिक योग्यता आठवी उत्तीर्ण, उम्र 18 से 37 वर्ष तथा ऊंचाई 165 सेंटीमीटर तथा सुपरवाईजर पद के लिए ग्रेजुएट तथा एनसीसी सर्टीफिकेट, उम्र 28 से 37 वर्ष, ऊंचाई 172 सेंटीमीटर हो वे शिविर में उपस्थित रह सकते हैं।

# जमकर बिक रहे फुलवारी के पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आजकल घरों में फुलवारी लगाने, गमलों में पौधे लगाने को लेकर लोगों का रुझान बढ़ा है। नागरिक विभिन्न प्रकार के फूलों के साथ ही अन्य पूजनीय पौधे लगाकर अपने घर की सजावट भी करने लगे हैं। इसी को लेकर नगर में फुलवारी के पौधे विक्रय करने वाले बड़ी संख्या में फुटपाथ पर दुकान लगा रहे हैं, जहां से नागरिक इन पौधों को बड़ी संख्या में खरीद भी रहे हैं।

वर्षाकाल में बगीचों के साथ ही घरों की फुलवारी या गमलों में पौधे लगाने का कार्य किया जाता है। इसके लिए इन दिनों नगर में ऐसे पौधे विक्रय करने वाले बड़ी संख्या में अपनी दुकानें मां बगलामुखी मंदिर मार्ग व शिवाजी चौराहे से पुलिस थाने के मध्य लगा रहे है। शनिवार हाट बाजार में ऐसी और दुकानें लग जाती है। इन दुकानों पर विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों के साथ ही मीठी नीम, पीपल, नीम, बिलपत्र आदि के पौधे उपलब्ध है। जहाँ से नगरवासी सहित आसपास के ग्रामों के ग्रामीण इनकी बड़ी संख्या में खरीदी कर रहे हैं।

## शासन के निर्देशों का पालन करने शासकीय व अशासकीय विद्यालयों की बैठक

# भर्ती प्रक्रिया पुस्तक वितरण संबंधी जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

छात्रों का नामांकन, मैपिंग छात्रवर्ती एवं शासन की गाइडलाइन अनुसार भर्ती प्रक्रिया, पुस्तक वितरण संबंधी जानकारी आदि विषयों को लेकर शासकीय एवं अशासकीय शालाओं की बैठक संपन्न हुई। विकासखंड अंतर्गत हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी स्कूल एवं समस्त अशासकीय संस्था प्रधानों की अति आवश्यक मीटिंग उत्कृष्ट विद्यालय नलखेड़ा पर रखी गई।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी रामगोपाल शर्मा ने छात्रों का नामांकन मैपिंग छात्रवृत्ती एवं शासन की गाइडलाइन अनुसार भर्ती प्रक्रिया पुस्तक वितरण सम्बन्धी जानकारी दी गई। बैठक के उपरांत 2 बजे से शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालायों की आवश्यक बैठक लेकर सहायक परियोजना समन्वयक दिनेश कुम्भकार ने निर्देश दिए की आगामी वर्ष में परीक्षा परिणाम सुधार हेतु एक ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। विद्यालय में विभिन्न प्रकार की समितियों का गठन कर अपने विद्यालयों को पर्यावरण प्रेमी





विद्यालय के रूप में विकसित करते हुए एक लक्ष्य आधारित बगीचे का निर्माण किया जाए।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार त्रिवेदी, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक चंदन बाला फाफरिया, संकुल प्राचार्य ओम प्रकाश बंसिया, बीएसी सतीश नागर, जन शिक्षक ललित नागर, गोपाल पाटीदार, मुकेश जैन, राजेश परमार, अजय श्रीवास्तव, दीपसिंह दलोदिया, राजेन्द्र गुर्जर, जगदीश यादव उपस्थित थे।

## शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया

# 'गुरु ही शिष्य को जीवन का श्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त कराते हैं'



**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर माधवकुंज में शनिवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित गिरिराज तेजरा ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा गया की गुरु ही शिष्य को जीवन का श्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त कराते हैं तथा गोविंद अर्थात ईश्वर की पहचान कराते हैं। उन्होंने गुरु शिष्य की प्राचीन परंपरा के कई दृष्टांत भी बच्चों को सुनाए। इस अवसर पर संचालन समिति के व्यवस्थापक तथा ईश्वर सोलंकी विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। भैया बहिनों द्वारा अतिथि एवं आचार्य दीदियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुंभकार द्वारा तथा आभार प्रधानाचार्य सोलंकी ने माना।

**खबर संक्षेप**

### नालियों से अतिक्रमण हटाकर की साफ-सफाई

**देवास ।** नगर निगम द्वारा बारिश पूर्व नालों की सफाई के साथ-साथ शहर में अंदर जो छोटे नाले हैं उनकी भी सफाई की गई।जहां ज्यादा समस्या नालियों में आ रही थी उनके अतिक्रमण तोड़कर नालियों को साफ किया गया। साथ ही प्रमुख मार्ग के व्यवसाय क्षेत्र में भी रात्रि कालीन के साथ दिन में सफाई की जा रही है। साथ ही निगम की स्वीपिंग मशीन से प्रमुख मार्गो की सफाई की जा रही है। निगम आयुक्त रजनीश कसेरा ने वाहन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा जिन कचरा संग्रहण गाड़ी में मेंटेनेंस कार्य नहीं हुआ है उनके तत्काल मेंटेनेंस कार्य कराया जाए ताकि जिन क्षेत्रों में गाड़िया देरी से जा रही है उन क्षेत्रों में गाड़ियां समय पर पहुंच सके।

### मातृशक्ति सम्मेलन का हुआ आयोजन

**देवास।** स्थानीय कटी घाटी स्थित गुरुकुल एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल में गुरुपूर्णिमा के पर्व पर विद्यालय में मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवास की शिक्षिका मीना विजयवर्गीय उपस्थिति थी। कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त माता एवं बहनों को आमंत्रित किया गया था। सभी माता एवं बहनों को इस अवसर पर विजयवर्गीय ने संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों की सर्वप्रथम गुरु उसकी मां ही होती है एवं परिवार से ही बच्चों के संस्कार प्रारंभ होते हैं। उसके पश्चात विद्यालय में विद्यालय के शिक्षक गुरु की भूमिका निभाते हैं।

### स्कूल बस रोककर मासूम बच्चे को दी जान से मारने की धमकी

# परिजन हिंदूवादी संगठनों के साथ पहुंचे थाने धमकी देने वाले के विरुद्ध केस कराया दर्ज

**स्कूल बस में कैमरे बंद होने के चलते स्कूल की लापरवाही भी सामने आई है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों के बीच एक दिन पहले कुछ मामूली बात पर विवाद हुआ था। मामले को लेकर शनिवार को औद्योगिक थाना पुलिस ने रास्ता रोककर धमकी देने वाले आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर लिया। बताया जा रहा है कि संजय नगर रसूलपुर चौराहे पर शुक्रवार को स्कूल की बस को रोककर बच्चों को धमकी देने को लेकर फरियादी के परिजन स्कूल पहुंचे और जमकर हंगामा किया। बरलाई जागीर शिप्रा में रहने वाले राकेश राठौर ने बताया कि स्कूल की बस में मस्ती के दौरान उनके बच्चे ने मुस्लिम समाज के एक बच्चे के साथ मजाक कर दिया था। उसके बच्चों ने घर पर जाकर अपने परिजनों को बताया इसके बाद संजय नगर रसूलपुर चौराहे पर बच्चे के परिजनों द्वारा बस रोककर बस में बैठे बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर शनिवार को बस में सवार बच्चों के परिजन स्कूल पहुंचे और स्कूल प्रबंधक से घटना की शिकायत करने के बाद औद्योगिक थाने पर धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। मामले को लेकर हिंदू संगठन के लोग भी स्कूल पहुंच गए थे। जिसके चलते स्कूल में पुलिस बल भी तैनात किया गया। इधर स्कूल बस में कैमरे बंद होने के चलते स्कूल की लापरवाही भी सामने आई है दरअसल शहर के बावडिय़ा क्षेत्र में संचालित अनामय स्कूल में पढऩे वाले बच्चे 18 जुलाई को स्कूल बस से बरलाई जागीर जा रहे थे। कुछ बच्चे बस में मस्ती कर रहे थे। उस बीच बच्चो के बीच किसी बात को लेकर मामूली विवाद हुआ। 19 जुलाई को बस सुबह करीब 8.20 बजे स्कूल बस संजय नगर चौराहे पर रुकी वँहा बच्चे का पिता वसीम उसके कुछ साथियों के साथ आया और बस को रोका और बस में चढक़र स्कूली बच्चों के साथ कंडेक्टर व बस चालक के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मामले को लेकर शनिवार को अन्य बच्चों के परिजन व बजरंग दल के कुछ सदस्य अनामय स्कूल पहुंचे जहां उन्होनें आरोपित वसीम पर कार्रवाई की मांग करते हुए काफी देर तक हंगामा किया। मामले की जानकारी मिलने पर औद्योगिक थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। कुछ देर के बाद सभी लोग थाने पहुंचे जहां परिजनों ने वसीम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।

#### बस में सीसीटीवी कैमरे बंद

उक्त घटना के बाद शनिवार सुबह परिजनों ने स्कूल संचालक नीरज शर्मा से बस में लगे सीसीटीवी कैमरे देखने की मांग की थी। अभिभावक राकेश राठौर ने बताया कि स्कूल संचालक ने हमें कहा कि बस में कैमरे बंद है, जबकि स्कूल में एडमिशन के दौरान संचालक ने कहा था कि बस में सीसीटीवी कैमरे भी है किसी भी प्रकार से सुरक्षा में कमी नहीं रहेगी। लेकिन बंद कैमरों से घटना की जानकारी भी नहीं मिल पाई। गौरतलब है कि पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक ने स्कूल संचालकों की एक बैठक ली थी जिसमें बच्चों की सुरक्षा को लेकर बसों में कैमरे लगाने की बात भी कही थी। स्कूल बस में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं लेकिन वह बंद होने से घटना कैमरे में कैद नहीं हो पाई। गौरतलब है कि यातायात नियमों के अनुसार स्कूल बस में कैमरे चालू होना आवश्यक है लेकिन स्कूल संचालक नियम विरुद्ध बस का संचालन कर रहे हैं। इससे पहले भी आरटीओ अधिकारी ने इस स्कूल की बसों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ अन्य मामले को लेकर कार्रवाई की थी।

**किसने क्या बोला, नहीं पता**

इस मामले में मुझे सुबह अभिभावकों का फोन आया था, मुझे इस विषय में बच्चों को क्या बोला है यह पता नहीं है। अभिभावक कह रहे है कि किसी ने बच्चों को धमकी दी है। हमारी स्कूल बसों में कैमरे लगे हैं और सभी चालू हैं।

**नीरज शर्मा,** स्कूल संचालक

# सीएमएचओ डॉ. गोसर ने कांटाफोड़ में ली बैठक

**अनुपस्थित मिले 5 सीएचओ**



**देवास।** सीएमएचओ ने निरीक्षण कर देखी स्वास्थ्य सेवाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एम.एस. गोसर बताया कि शनिवार को सिविल अस्पताल कन्नौद पीएचसी कांटाफोड़ का किया निरीक्षण ।

सिविल अस्पताल कन्नौद का आकस्मिक निरीक्षण किया संस्था में ओपीडी और विभिन्न वार्ड ,लेबर रूम स्टोर, पीएनसी वार्ड का निरीक्षण किया चिकित्सक,नर्सिंग स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए स्वास्थ्य विभाग कि योजना का क्रियान्वयन और हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ देने के निर्देश दिए। पीएचसी कांटाफोड़ का निरीक्षण कर सेक्टर बैठक ली समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों कि समीक्षा की अनुपस्थित आनन्द मा ल वी य , सी ए च ओ सलामतपुरा,सिमरन मेहर सीएचओ डेहरी, स्मिता ओझा सीएचओ भेसुन, विनायक तिवारी सीएचओ बेड़गाव, पूनम धोते सीएचओ सुरमन्या के वेतन काटने के निर्देश दिए। आयोजित हुई समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा सही जानकारी उपलब्ध नही कराने कार्यक्रमों की समीक्षा निर्धारित बिंदुओं पर नही करने पर सुपरवाइजर देवीचंद खत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य कार्यक्रम दस्तक अभियान , परिवार कल्याण टेली मेडिसिन, समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम सेवाओं कि लक्ष्य उपलब्धि को देखा लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। योजनाओं की अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करे। फील्ड में नियमित भ्रमण कर मौसमी बीमारियों से बचाव कि जानकारी समुदाय में नागरिकों देने के निर्देश दिए।

### परिजनों ने घर से खेत पर भेजा था युवक ने फांसी लगाकर दे दी अपनी जान



**देवास।** अज्ञात कारणों के चलते बरोठा निवासी युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जानकारी अनुसार परिजनों ने उसे 18 जुलाई को खेत पर भेजा था, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटा। संभवतः युवक ने उसी दिन क्षेत्र के पहाड़ी इलाके में पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। शुक्रवार शाम को पहाड़ी क्षेत्र में मवेशियों को चराने गए गांव के अन्य व्यक्ति ने मृतक को फांसी के फंदे पर झुलता देखा उसके बाद गांव के लोगों को सूचना दी।शनिवार को जिला अस्पताल में पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार, अर्जुन पिता रमेश उम्र 20 निवासी शुक्रवासा टप्पर थाना बरोठा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। गांव के अन्य व्यक्ति ने पहाड़ी पर गाय चराने के दौरान मृतक को पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा उसके बाद गांव वालों को सूचना दी। उसके बाद गांव वाले पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान हुई। परिजनों के अनुसार मृतक मजदूरी का कार्य करता था।

# जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संविदा नीति लागू नहीं होने से 22 को सामूहिक अवकाश पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राज्य सरकार ने संविदा नीति 2023 मध्य प्रदेश केबिनेट से स्वीकृत कर सामान्य प्रशासन विभाग को भेज दी है, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया है। संविदा स्वास्थ्यकर्मी संविदा नीति को तत्काल लागू कराने की मांग को लेकर 22 जुलाई को सामूहिक अवकाश पर जाएंगे। यह निति तत्काल लागू होनी थी लेकिन मामला एक साल से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है ।

एनएचएम संविदा कर्मचारियों में भारी आक्रोश है संघ के जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर एवं जिला उपाध्यक्ष ज्योति अहिरे ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संविदा कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण प्रदेशभर के 32 हजार स्वास्थ्यकर्मी एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर रहेंगे।

जिले के लगभग 800 संविदा स्वास्थ्यकर्मी है, जिनके काम नहीं करने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होगी। वही राजेश गुर्जर ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संविदा नीति जारी कर एनपीएस, 5 लाख रुपए का आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा, ग्रेज्यूटी, अनुकंपा नियुक्ति, प्रतिवर्ष सीपीआर दर के अनुरूप इंक्रीमेंट, शासकीय कर्मचारियों के समान समस्त अवकाश, शासकीय भर्तियों में संविदाकर्मियों को 50 प्रतिशत का आरक्षण देने की मांग की नीति शासन स्तर से जारी की जा चुकी किन्तु आज दिनांक तक एनएचएम संविदा कर्मचारियों पर लागू नही की जा रही है यह मांग है। संविदा कर्मचारियों के लिए नीति लागू करने के लिए आदेश जारी नहीं हो रहे है, लेकिन स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा विभाग के नियमित पदों के विरुद्ध सेवाएं दे रहे संविदाकर्मियों के आदेश पिछले साल ही इसी दिनांक को जारी कर दिए गए है।

ग्रेड पे सुधार को लेकर 36 से अधिक केडर अपनी अपील प्रस्तुत कर चुके है, लेकिन एक साल हो गया, अपील का निराकरण नहीं किया गया है। 22 जुलाई को प्रदेश के 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहकर राज्य कार्यालय एनएचएम पर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। शुक्रवार को इसकी सूचना के लिए सीएमएचओ को ज्ञापन भी दिया गया। अगर कर्मचारी की हड़ताल पर जाते है तो परेशानी होगी।

### शासकीय माध्यमिक स्कूल अंबाझर में हुआ पौधरोपण



**चापडा।** पर्यावरण हित में लगातार पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिससे प्रेरित होकर शनिवार को शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूल अंबाझर में स्कूल परिसर में स्कूल स्टाफ एवं बच्चों ने मिलकर पौधारोपण किया। इस दौरान शिक्षक धर्मचंद पाटीदार ने बताया कि हर वर्ष यहां पौधारोपण किया जाता है। परिसर में पहले लगाए गए पौधे अब पेड़ का रूप लेने लगे हैं, छुट्टियों में बच्चे पौधो को पानी देते हैं। पौधारोपण के साथ ही उनके संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। इस दौरान शिक्षक रमेशचन्द्र सोलंकी, महेंद्र सिंह सेंधव,दिपक जावे,अजय पाटीदार ,पत्रकार संघ सचिव रवि पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया जाएगा गुरुपूर्णिमा उत्सव, देश भर से आएंगे रावतपुरा सरकार के अनुयायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आनंद भुवन पैलेस में 17 जुलाई से चल रहे चार्तुमास व्रत अनुष्ठान कार्यकम के अन्तर्गत 21 जुलाई रविवार को गुरुपूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में रावतपुरा सरकार के देश भर के अनुयायियों की आने की खबर है। गुरु की महिमा का वर्णन करना संभव नहीं है क्योंकि गुरु प्रकाश के समान है और गुरु की महिमा वर्णन करना सूर्य के समक्ष दीप दिखाने जैसा होगा।

गुरु ही हमारे शिक्षा, ज्ञान व जीवन का आधार है। गुरु हमेशा मनुष्य के जीवन से अज्ञान रूपी अंधकार को समाप्त कर जीवन में ज्ञान का प्रकाश देकर मोक्ष के द्वार तक पहुंचाने का काम करते है। कई परम्पराओं और जीवन के तरीकों में गुरू को हमेशा मार्गदर्शन और प्रेरणा के स्त्रोत के रूप में देखा जाता है। गुरु वह व्यक्ति है जो लोगों को आध्यात्मिक विकास और ज्ञान के मार्ग पर चलने में मदद करता हैं तथा जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर करने में मदद करते है। कार्यक्रम आयोजक विधायक गायत्री राजे पवार व विक्रमसिंह पवार ने बताया कि सद्गुरू देव भगवान रावतपुरा सरकार के पावन सानिध्य में गुरुपूर्णिमा उत्सव के अवसर पर प्रातः 8 बजे प्रार्थना एवं नृसिंह लक्ष्मी सहस्त्रार्चन, प्रातः 10.से 2. बजे तक व्यास पूजन गुरूपूजन सायं 7 बजे से प्रार्थना एवं 25 लाख राज राजेश्वरी अर्चन कुमकुम द्वारा किया जाएगा। रात्रि 9.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रसाद वितरण आयोजित होगा।

# सेन थॉम एकेडमी के विद्यार्थियों ने मनाई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भोपाल रोड पर स्थित सेन थॉम एकेडमी के विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ भावपूर्ण गुरु पूर्णिमा मनाई गई। ज्ञान की देवी माता सरस्वती को छात्रों ने प्रणाम कर गुरुओं को ज्ञान प्रदान करने हेतु धन्यवाद दिया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर एक शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य पुनीत उपाध्याय तथा एकेडमिक कोऑर्डिनेटर जॉनसन थॉमस ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर, तथा दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर समूह में गाई गई गुरु वंदना ने सभी को भाव विभोर कर दिया तथा विद्यार्थियों द्वारा समान स्वर में गीत गाए गए। छात्रों द्वारा उच्चारित श्लोकों से विद्यालय गूंज उठा। शिक्षिका उज्ज्वला मोदी ने कार्यक्रम के संचालन के द्वारा सभी को गुरु पूर्णिमा तथा गुरुओं के महत्व के बारे में बताया तथा सभी का आभार प्रकट किया।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जिले के नवीन उद्योग का किया वर्चुअली भूमि-पूजन

# देवास जिले में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरणः कलेक्टर गुप्ता






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

रीजनल इंडस्ट्रीज कॉनक्लेव जबलपुर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा नवीन उद्योग मेसर्स सिनकेम लेबोरेट्रीज प्रायवेट लिमिटेड, औद्योगिक क्षेत्र क्रमांक 2 एवं 3 देवास का वर्चुअली भूमि पूजन किया गया। देवास में आयोजित कार्यक्रम में सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी , कलेक्टर ऋषव गुप्ता, कैलाश चन्द्रावत,अजय गुप्ता, अनिल वर्मा, राहुल जैन, राजीव शर्मा, अमरजीत सिंह खनुजा सहित विभिन्न औद्योगिक इकाई के प्रमुख एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांसद महेंद्र सोलंकी ने मेसर्स सिनकेम लेबोरेट्रीज प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर धर्मेंद्र जैन को इकाई स्थापना के लिए भूमि पूजन पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। सांसद सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देवास जिले में औद्योगिकरण तीव्र गति से हो रहा हैं । इसी के तहत आज मेसर्स सिनकेम लेबोरेट्रीज प्रायवेट लिमिटेड का भूमि पूजन किया गया। जिसमें 35 करोड का निवेश कर फार्मासुटिकल उत्पाद का निर्माण किया जाएगा एवं उद्योग में 500 लोगो को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि देवास जिले में उद्योगो के लिये अनुकूल वातावरण हैं । देवास के उद्योगों द्वारा सीएसआर से मेरा स्कूल स्मार्ट स्कूल एवं मेरी शाला संपूर्ण शाला अभियान में सहयोग दिया जा रहा है। उद्योगों द्वारा सामाजिक गतिविधि की जा रही हैं एवं पर्यावरण के लिये छोटे-छोटे वनों का मियावाकी पद्धिति से रोपण किया जा रहा है। अमृत संचय अभियान में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर वर्षा का जल भूमि में संचय करने का कार्य किया जा रहा हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप जैन द्वारा किया गया एवं आभार संचालक सिनकेम लेबोरेट्रीज प्राइवेट लिमिटेड धर्मेन्द्र जैन द्वारा व्यक्त किया गया।

# अवैध अतिक्रमण पर अंकुश लगाने किए नोटिस चस्पा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

जनपद पंचायत बागली द्वारा चापडा चौराहे पर गुरुवार को अतिक्रमण हटाने कि कार्रवाई की गई थी। इस दौरान इन्दौर नेमावर रोड के दोनो तरफ तथा हाटपीपल्या बागली मार्ग पर अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तोडे गए अतिक्रमण पर पुनः व्यापारियों के द्वारा टीन शेड लगाकर या दुकान का सामान बाहर रख कर अतिक्रमण नही किए जाने के संबंध में जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजू मेढा ने आदेश जारी किया कि यदि दोबारा अतिक्रमण करते हुए सामान रखता है, या टीन शेड लगाता है तो संबंधित अतिक्रमणकर्ता के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई किये जाने में यदि कोई व्यापारी वाद-विवाद करता है, तो संबंधित के विरूद्ध भी कार्रवाई कि जाएगी। चौकी प्रभारी उपेंद्र नाहर कि उपस्थिति में सचिव नारायण सिंह सेंधव, रोजगार सहायक सचिव नागेन्द्र सिंह सिसौदिया व कर्मचारीयों व्दारा चौराहे पर आदेश की प्रति चस्पा की गई।

## खबर संक्षेप

### दो दिनों तक चलेगा कॅरियर मार्गदर्शन

**जावर।** शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में शासन के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए 21 जून से दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गुरुजन, साधु- संत, शिक्षाविद्, को आमंत्रित किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ शासकीय महाविद्यालय जावर नगर के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा।

### गुरु पूर्णिमा पर किया जाएगा सम्मान

**सीहोर।** जिले की ग्राम पंचायत दोराहा अंतर्गत गुरुवार को भाजपा के दोराहा मंडल की कामकाजी बैठक आयोजन किया गया। पाल वाले बाबा हनुमान मंदिर प्रांगण में रखी गई इस बैठक गुरु पूर्णिमा पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम के लिए दिशा निर्देश दिए गए। मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी दिनों तक जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय और सीहोर विधानसभा के विधायक सुदेश राय के निर्देश पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आगामी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुजनों और वरिष्ठजनों के सम्मान की रूपरेखा तैयार की गई। सभी ग्राम पंचायतों में एक पेड़ मां के नाम अभियान भी चलेगा।

### मुनिश्री विनंद सागर और ऐलक विनमित सागर महाराज का हुआ नगर प्रवेश

# मंदिर में मुनिश्री ने दिए आशीष वचन बोले चातुर्मास के दौरान पुण्य बढ़ाना है

**मुनिश्री विनंद सागर महाराज और ऐलक विनमित सागर महाराज के नगर आगमन के दौरान कदम पर पग प्रक्षालन किया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कुछ लोग भाग्यशाली और कुछ लोग सौभाग्यशाली होते हैं। कुछ लोग दुकान पर बैठे- बैठे ही अपने सामने आए भगवान की शोभायात्रा एवं गुरुजनों के दर्शन कर लेते हैं ,वह भाग्यशाली हैं और जो भगवान की शोभायात्रा में शामिल होने के साथ ही पाग प्रक्षालन कर साथ चलते हैं वह परम सौभाग्यशाली होते हैं,वे अपना पुण्य अर्जन और बढ़ाते हैं। आष्टा धरा का पुण्य है, इसलिए गुरु ने आष्टा चातुर्मास हेतु भेजा है। हम कितना भी चाहे वही कदम बढ़ते हैं, जहां का दाना पानी और पूज्य गुरुदेव का आदेश लिखा है।आप सभी को चातुर्मास के दौरान पुण्य बढ़ाना है।

उक्त बातें आचार्य 108 विनम्र सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 विनंद सागर महाराज ने चातुर्मास हेतु नगर प्रवेश के पश्चात श्री अरिहंत पुरम अलीपुर स्थित श्री चंद्र प्रभ मंदिर परिसर में आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनिश्री ने कहा घर में बहू रुपी लक्ष्मी आने पर वह सौभाग्यशाली हो जाती है। धर्म में आगे बढ़ाने वाली धर्मपत्नी कहलाती है। आपने चेलना का उदाहरण दिया,कि उसने अपनी भक्ति व तपस्या से पति का कोढ़ रोग ठीक किया। मुनिश्री विनंद सागर महाराज ने कहा गुरुदेव के चरण आपके घर पढ़ें और आहार हो जाएं आपके अहो भाग्य,गुरु की जुबान पर आपका नाम आए वह सौभाग्यशाली रहते हैं। पावन चातुर्मास के पुण्य की बैला में अधिक से अधिक पुण्य



अर्जन करें, गुरुदेव की कृपा -अनुकंपा से हम आष्टा आएं हैं, हमारी इच्छा भोपाल में चातुर्मास करने की थी, लेकिन आष्टा वालों के भाग्य प्रबल थे।

चातुर्मास में ज्ञान की गंगा बहाएंगे। जिनवाणी और पिच्छिका कमंडल के अलावा हमारे पास कुछ नहीं है, जिनवाणी श्रवण कराएंगे। मुनिश्री ने कहा ज्ञानी जीव की सोच अलग रहती है,वह किसी के जाने या वस्तु समाप्त होने पर सोचते हैं कि इतना ही संयोग था। भक्ति की गंगा बहाने अरिहंत पुरम आएं हैं। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की जिस भक्ति से मानतुंगाचार्य के 48 ताले खुल गए थे। उसी भक्तांबर पाठ का शुद्ध उच्चारण कराया जाएगा। जिसने भक्तांबर जी पाठ संस्कृत में सीख लिया वह सभी पाठों आदि का शुद्ध उच्चारण कर लेते हैं।

भगवान की सच्ची स्तुति से सारे पाप एक क्षण में नष्ट हो जाते हैं।ऐसी भक्ति चातुर्मास के दौरान होगी। सौभाग्य को महासौभाग्य में बदलना है। बड़े बाबा आदिनाथ भगवान,संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज आदि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन समस्त व्रतियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के काफी संख्या में श्रावक -श्राविकाएं उपस्थित थे। बायपास से नगर प्रवेश मुनि संघ का हुआ और अलीपुर के प्रमुख मार्गो से होते हुए जुलूस अलीपुर मंदिर पहुंचा। कदम-कदम पर पग प्रक्षालन किया गया।

# योजनाओं और विकास कार्यों को लेकर हुई बैठक

**विधायक ने बैठक में दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

शुक्रवार को विधायक सुदेश राय, अनुविभागीय अधिकारी तन्मय वर्मा, तहसीलदार श्यामपुर श्यामनंदन चंदेले, दोराहा तहसीलदार अर्पित मेहता, नायब तहसीलदार अहमदपुर धनजी मालवीय, सरपंच श्यामपुर नवीन चौहान द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर श्यामपुर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के उपरांत विधायक द्वारा जनहित में चल रही समस्त योजनाओं और हो रहे नवनिर्माण के सम्बंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की गई। इसके अतिरिक्त राजस्व महाअभियान 2.0 के संबंध में राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की भी बैठक ली। गई। उक्त बैठक में अनुविभागीय अधिकारी सीहोर, श्यामपुर तहसीलदार, दोराहा तहसीलदार, नायब तहसीलदार अहमदपुर, समस्त पटवारी तहसील श्यामपुर व दोराहा, जनपद पंचायत सीइओ, स्वास्थ्य विभाग, लोकनिर्माण विभाग, महिला बाल विकास विभाग, एनएचएआई, बिजली विभाग के अधिकारीगण और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 144 ग्राम पंचायत और 295 ग्रामों में पानी से भरे गड्ढों में डाली ऑयल बॉल

**आष्टा।** जिला कलेक्टर सीहोर द्वारा विशेष निर्देश व जिला मलेरिया अधिकारी के मार्गदर्शन में आस्था आष्टा ब्लॉक के 144 ग्राम पंचायत और 295 ग्रामों में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता के सहयोग से स्थाई रूप से भरे हुए गड्ढों पोखर व नगर पालिका के परिक्षेत्र में भारी प्लाटो नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से आईल बाल डाली गई। यह तेल वॉल से पानी में पनप रहे डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया के लार्वा पानी की सतह पर लेयर बन जाने के कारण समाप्त हो जाएंगे यह तेल बाल लकड़ी के बुरादा कपड़ा की बोल बनाकर जले हुए तेल में डालकर बनाई गई है यह मच्छरों को पनपना से रोकने हेतु बहुत ही सफलतम पद्धति है बीमारियों से रोकथाम के लिए इस कार्यक्रम का शुभारंभ आस्था के माननीय क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर साहब एवं नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर राय सिंह मेवाडा जी एवं पार्षद रवि शर्मा एवं नगरवासीयो की उपस्थिति में सेमनारी रोड साचोरा कॉलोनी मैं स्थिर भरे पानी वाले स्थानों पर तेल बाल डालकर प्रारंभ किया गया विकासखंड चिकित्सा का अधिकारी द्वारा बताया गया कि पुर विकासखंड में समस्त ग्रामों में एवं नगरी क्षेत्र में इस प्रकार की संयुक्त गतिविधि प्रारंभ की गई है एवं यह गतिविधि 15 दिवस उपरांत पुनः दोहरावी जावेगी। ऑयल बाल के उपयोग से मच्छरों से निजात मिलेगी, इसी के साथ ही बीमारियों से भी मुक्ति मिलेगी।

# रेलवे के जनरल मैनेजर को सौंपा ज्ञापनः मानव अधिकार मंच ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के लिए कैमरे सहित अन्य मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

निर्माण कार्यों पर करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी सीहोर रेलवे स्टेशन उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। स्टेशन पर प्रयागराज, इंदौर-पटना, इंदौर-हावड़ा, अहमदाबाद-गोरखपुर, शिप्रा एक्सप्रेस इंदौर-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेनों का का स्टापेज नहीं है।

यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। स्टेशन के दोनों प्लेट फॉर्म पर बोगी नंबर स्क्रीन नहीं लगाई गई है। एकल टिकट खिड़की के कारण यात्री टिकट ही नहीं ले पा रहे हैं। यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा के लिए स्टेशन पर सीसी टीवी कैमरे भी नहीं लगाए गए है। सर्व-सुविधा युक्त शौचालय भी नहीं है। जिस वजह से महिला यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना होता है।शहर के स्थानीय और बाहर से आने वाले यात्रियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण और रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की कमियों दूर करने को लेकर मानव अधिकार मंच के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद



खान के नेतृत्व पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने रेलवे के जनरल मैनेजर को ज्ञापन दिया है।

जनरल मैनेजर,से चर्चा के दौरान समाजसेवी खान ने कहा कि मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के यात्रियों की समस्या का निराकरण किया जाए और स्टेशन से गुजरने वाली प्रयागराज डॉ. अंबेडकर नगर, इंदौर-पटना, इन्दौर-हावड़ा, अहमदाबाद-गोरखपुर, शिप्रा एक्सप्रेस इन्दौर-हावड़ा ट्रेनों का स्टॉपेज सीहोर रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज दिया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से रुकी ट्रेन ओवर नाइट जबलपुर इंदौर को दोबाराः रोकी जाए और महिला सहित दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए सर्व-सुविधा युक्त शौचालय का निर्माण दोनों प्लेट फॉर्म पर किया जाए। वर्तमान में स्टेशन पर रुकने वाली अम्बेडकर नगर,इंदौर भोपाल इंटर सिटी, उज्जैन भोपाल स्पेशल लोकल, जयपुर अजमेर, इंदौर बिलासपुर,भगत की कोठी जबलपुर नागपुर, इंदौर छिदवाड़ा ट्रेनों के लिए दोनों प्लेट फॉर्म पर बोगी नंबर स्क्रीन लगाए जाए। जिससे यात्रियों को अपना सीट नंबर ढूंढने में आसानी हो।

यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए डबल टिकट खिड़की संचालित की जाये जिससे की सभी टिकट लेकर यात्रा पूरे कर सकें। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और कीमती समान की सुरक्षा पुख्ता की जाए सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए जाए।

### आस्था ही नगर की शक्ति : तुलछाराम महाराज



**आष्टा।** अच्छे संकल्प के लिए पालन हारा प्रभु मन से मदद करता है। आष्टा की आस्था ही यहां की शक्ति है। सभी यहां के निवासी हमेशा प्रभु में विश्वास बनाएं रखें। सभी का प्रभु हमेशा कल्याण करेंगे। यह बातें आसोतरा राजस्थान में प्राचीन काल से स्थापित खेतेश्वर ब्रह्म धाम के पीठाधीश्वर तुलछाराम महाराज ने कहीं। वह अपने अनुयायियों के साथ चातुर्मास हेतु अमरकंटक जाते हुए स्थानीय भक्त राजपुरोहित बीकानेर परिवार के आग्रह पर पधारें। राठौर धर्मशाला में पड़ाव डाले महाराजश्री का स्थानीय नागरिकों ने शाल व श्रीफल से स्वागत किया। इस दौरान महाराज ने पिछले वर्ष कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा का प्रसंग बताया। पूर्व नपाध्यक्ष परमार ने अंचल आष्टा में सुख-समृद्धि शांति हेतु महाराज से आशीष की कामना की। आयोजक राज पुरोहित परिवार के मेहताब सिंह ने अपने परिजनों के साथ सभी का आभार व्यक्त किया।

### अस्पतालों में टीबी रोग का उपचार निःशुल्क

**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। टीबी से बचने के लिए सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल पर संपर्क कर टीबी की जांच लगाई जा सकती है।

## ट्रक ने गाय को रौंदा-मौत, चालक को लोगों ने पकड़ा

**सीहोर।** बुदनी में गुरुवार को शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के सामने एक ट्रक चालक ने एक गाय को टक्कर मार दी। जिससे गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इसके बाद ट्रक चालक और कंडक्टर ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक लापरवाही से



चला रहा था, टक्कर मारने के बाद ड्राइवर, लोकेश मेहरा और उसके कंडक्टर, रामकृष्ण उर्फ भूरा ने भागने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय लोगों ने उनका पीछा कर और पकड़ लिया। इस दौरान उनमें झड़प भी हुई, जिसमें एक बैंक के गार्ड दाहिने हाथ में चोट लग गई। लोगों ने आरोपियों को स्थानीय पुलिस स्टेशन ले जाया गया है, जहां औपचारिक शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया है, जो चालक और उसके कंडक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं गोरक्षा समिति के सदस्यों ने गाय का पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया।

# रूस की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस पर तिरंगा फहराने का सपना लिए प्रीति व चेतन होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हौसलों की उड़ान सच्ची हो तो सफलता कदम चूमती है। विकासखंड के गांव मुल्लानी मंगलपुर की एक मध्यम परिवार की बेटी प्रीति विक्रम सिंह परमार, जिसकी उम्र 12 साल है। जो कक्षा 8 वीं की छात्रा है। प्रीति विक्रम सिंह परमार व चचेरे भाई चेतन परमार का यूरोप में रूस की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस पर चढ़ाई करने के लिए चयन हुआ है, जो 7 अगस्त को रवाना होंगे। बता दें कि इन दोनों के सामने इस अभियान के खर्च के रुपए को लेकर आर्थिक परेशानी का पहाड़ पार करना अर्थात करीब 6.50 लाख की व्यवस्था करना बड़ी चुनौती बना था। बुलंद हौसलों की उक्त बेटी प्रीति व भाई चेतन परमार ने इस समस्या को लेकर मप्र सरकार, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के यहां दस्तक देकर आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी। 4 लाख के



चैक सौंपे बेटी प्रीति के हौंसले को देखते हुए व हिन्दुस्तान की आन, बान, शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को बेटी प्रीति ओर चेतन परमार रूस की सबसे ऊंची चोटी 18 हजार 510 फीट पर लहराएं, इसको लेकर आष्टा विधायक ने बेटी का सपना पूरा हो इसके लिए शासन स्तर पर विशेष प्रयास किए। मप्र सरकार से 4 लाख रुपए की स्वीकृति कराई ओर गुरुवार को विधायक कार्यालय पर प्रीति को स्वीकृत आर्थिक सहायता का चैक विधायक द्वारा सौंपे गए।

### मालीपुर में श्री ब्रह्मानंद जनसेवा संघ का हो रहा पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव

# पाप करो या पुण्य, हजारों गुना वापस मिलते हैंः कृष्णा मां





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोपाल-इंदौर बाइपास मार्ग पर मालीपुर में श्री ब्रह्मानंद जन सेवा संघ 5 दिवसीय गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव का आयोजन करा रहा है। गुरुवार को कृष्णा मां के सत्संग में हजारों भक्त शामिल हुए। सत्संग में कृष्णा मां ने कहा कि पाप करो या पुण्य करो भविष्य में हजारों गुना लौटकर आता है। एक प्रसंग के माध्यम से मां ने बताया कि एक समय एक संत नदी में नहा रहे थे।

पानी के तेज बहाव से उनकी लंगोट बह गई उसी समय द्रोपती का वहां से निकलना हुआ। उन्होंने इस घटना को देखकर संत की मदद की और अपनी साड़ी का एक पल्लू फाड़ कर संत को दिया जिसे बांधकर संत नदी से बाहर आए। भविष्य में चीर हरण के समय वही साड़ी का एक छोटा सा टुकड़ा साड़ी के रूप में हजारों गुना लौट कर आया था। शास्त्र कहते हैं कि यदि हमने पुण्य किया है, तो उसे भविष्य के लिए छोड़ दें। ताकि वह हमें हजारों गुना बढ़कर मिले और यदि पाप किया है, तो उसका तुरंत अपने गुरु और भगवान के समक्ष प्रायश्चित कर लेना चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया तो यह पाप भविष्य में हजारों गुना बढ़ जाएगा, जिसका परिणाम भयानक होगा। अच्छे कर्म विपत्ति के समय हमारी सहायता करते हैं। कृष्णा मां ने कहा कि विपत्ति के समय हमारे किए गए पुण्य कर्म ही काम आते हैं।

अच्छे कर्म विपत्ति के समय हमारी सहायता करते हैं। इसलिए जब भी हमारे जीवन में मुसीबत आए। हमें हमारे गुरु और भगवान को याद करना चाहिए। एक उदाहरण से कृष्णा मां ने कहा कि एक पपीहा पेड़ पर बैठा था। नीचे से शिकारी निशाना लगाए बैठा था। ऊपर बाज की नजर भी पपीहे पर थी। ऐसी स्थिति में पपीहा घबराया और उसने अपने भगवान को पुकारा उसी समय पेड़ की कोटर से एक सर्प निकला जिसने शिकारी को काट लिया और शिकारी का निशाना चूक गया और पपीहे की जगह तीर बाज को लग गया। इस तरह पपीहे की जान बच गई। सत्संग में कृष्ण मां ने आगे कहा कि व्यक्ति हमेशा कहता है कि अभी तो बहुत समय है, जब समय मिलेगा तब सत्संग, भजन, दान पुण्य करूंगा। लेकिन व्यक्ति को वृद्धावस्था तक समय नहीं मिलता है और वह समय कभी नहीं आता। इसलिए जो हमारा जीवन बचा है, उसे परमात्मा के नाम में, भगवत प्राप्ति में, समाज सेवा, परमार्थ के कार्यो में व्यतीत करें। समय वापस लौटकर नहीं आता। कहा भी गया है कि जो बीत गई सो बीत गई तकदीर का शिकवा कौन करें। जो तीर कमान से निकल गया उसे तीर का पीछा कौन करें।

# ग्राम भारती शिक्षा समिति की जिला बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर की जिला बैठक टिगरिया विद्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम मां सरस्वती, प्रणवाक्षर ॐ, भारतमाता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक में उपस्थित अतिथि निखिलेश महेश्वरी संगठन मंत्रीजी, चंद्रहंस पाठक प्रांत प्रमुख, रामदयाल लहरपुरे भाग प्रमुख भोपाल, अनारसिंह राठौर अध्यक्ष ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर, रामबाबू नागर जिला प्रमुख सीहोर, सर्वप्रथम जिला प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक हुई। सीहोर जिले के 6 संकुल 1 टिगरिया, 2 कजलास, 3 खजुरिया राम, 4 महोडिया, 5 सुकरवास, 6 तिनोनिया के 32 सरस्वती शिशु मंदिर से 28 प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा हुई जिससे कि विद्यालय में छात्र संख्या बड़े, विद्यालय सर्व सुविधा युक्त बने, उत्तम शिक्षण हो जिससे की श्रेष्ठ परिणाम आए और भैया बहन अच्छे एवं सफल नागरिक बने, बैठक के पश्चात सभी को संयोजक मंडल की तरफ से एक-एक शाफी भेंट की गई। उसके पश्चात अभिभावक गोष्ठी हुई इसके बाद स्थानीय विद्यालय के आचार्य मंडल के साथ बैठक हुई ततपस्यात वृक्षारोपण हुआ। पूर्वछात्र के घर चाय नाश्ते की व्यवस्था हुई।

### बांकपुरा, मोहनपुरा परियोजना को देखने पहुंचे मंत्रालय के एसीएस और कमिश्नर

# जलशक्ति मंत्रालय के अधिकारियों ने किया परियोजनाओं का अवलोकन





हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

कम पानी से अधिक क्षेत्र में सिंचाई करना और बांध से सीधे किसान के खेत तक प्रेशराइज्ड तरीके से पानी पहुंचाने को हम वास्तव में एक नवाचार है। हम कह सकते है कि यह परियोजना सिंचाई के क्षेत्र में एक यूनिक मॉडल है। उक्त बात बात भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव राजेश कुमार वर्मा ने अपने दो दिवसीय विजिट के दौरान कही है। वर्मा जलषक्ति मंत्रालय में कमिश्नर अनुज कंवल के साथ 2 दिवसीय दौरे पर शुक्रवार राजगढ़ पहुंचे थे। अधिकारीद्धय ने बांकपुरा परियोजना के अवलोकन उपरान्त मोहनपुरा डेम को देखा। यहां से लगदरिया पंप हाउस पहुंचे, जहां प्रजेंटेशन के माध्यम से डेम से सीधे किसान खेत तक पानी पहुंचाने के तरीके को जाना। इसके उपरान्त उन्होंने तंवरवाड़ क्षेत्र के माचलपुर, झंझाड़पुर सहित आसपास के गांवों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की।

किसानों ने बताया कि परियोजना के पहले तक वह मजदूरी के लिए पलायन करते थे, लेकिन परियोजना के आने के बाद पलायन तो रूका ही वहीं बंजर जमीन में खेतीबाड़ी भी करने लगे है। इस दौरान श्री वर्मा ने कई सवाल भी किए, जिनके जवाब परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया और शुभंकर विश्वास ने दिए। इस मौके पर मुख्य अभियंता जीपी सिलावट, परियोजना प्रबंधक संदीप दुबे, सहायक प्रबंधक विपिन तिवारी, मिलिंद मृदुकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

#### अधिकारियों ने किए सवाल

वर्मा ने परियोजना प्रशासक राजोरिया से पूरा प्रजेंटेशन देखने के साथ ही पानी को लिफ्ट करने के तरीके को जानने के बाद बड़ा सवाल किया कि अगर भविष्य में माइक्रो एरिगेशन अनिवार्य किया तो क्या करेंगे, इस पर राजोरिया ने कहा कि स्प्रींकलर को चलाने में जितने दाब की जरूरत होती है, उससे ज्यादा दाबयुक्त सिंचाई का पानी हम दे रहे है। इस दौरान उन्होंने ऑपरेटिंग सिस्टम, ओपन केनाल और प्रेशराइज्ड सिस्टम की तुलना करने के साथ ही ग्रेविटी से पानी देने के तरीके को भी जाना।

#### ढाई गुना ज्यादा क्षेत्र में हो रही सिंचाई, ऊर्जा बचत के साथ कार्बन उत्सर्जन भी कम

*योजना से एक मिलियन घन मीटर में 290 हेक्टेयर क्षेत्र में होने वाली सिंचाई की क्षमता बढ़ाकर 490 हेक्टेयर की। साल 2018 तक जिले में एक लाख 53 हजार एमटी गेहूं होता था जो अब बढ़कर 3 लाख 71 एमटी हो गया, बाई टट से तीन साल से 25 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की, जिसे बढ़ाकर दो लाख हेक्टेयर किया। सैटेलाइट डेटा की स्टडी व एनडीवीआई डेटा के अनुसार यहां लाभ बनने के बाद पहली बार डेम से सिंचाई की। प्रेशराइज्ड एरिगेशन से हमने 27 प्रतिशत बिजली बचत करने के साथ ही 19 मेगावॉट की खपत कम की है। जिसे बनाने में कोयला खपत कम होने से पर्यावरण को भी फायदा मिलेगा।*

# सरपंचों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

### सभी मांगों पर जल्द निर्णय लेने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



सरपंच संघ संयुक्त मोर्चा राजगढ़ द्वारा शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी विभिन्न 9 सूत्रीय मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व सभी सरपंच मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे जहां तहसीलदार अनिल शर्मा को ज्ञापन पढ़कर सुनाया।

ज्ञापन में उल्लेख है कि मप्र पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम को पुनः लागू किया जाए। पंचायतों में रोजगार सहायकों एवं सचिवों के स्थानांतरण का प्रावधान जल्द लागू किया जाए। सभी पंचायतों में सुदूर सड़कों, नवीन पुलिया निर्माण, स्टाप डैम व अन्य निर्माण कार्य आरंभ करवाए जाएं क्योंकि इन पर जिला स्तर से रोक लगी हुई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि पांचवें एवं छटवें वित्त की राषि पर टाईड एवं अनटाईड की बाध्यता खत्म की जाए वहीं 1 जुलाई को ग्रामीण विकास विभाग से जारी पत्र को निरस्त करने की मांग भी सरपंच संघ द्वारा रखी गई।

#### सचिवों के स्थानांतरण का अधिकार पंचायत को मिले

*सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि पंचायत सचिवों के स्थानांतरण का अधिकार सरपंचों को दिया जाना चाहिए। वहीं, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर झूठी शिकायत करने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई की मांग रखी गई। साथ ही सभी मांगों पर शासन से जल्द निर्णय लेने का अनुरोध संघ पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मोर्चा जिलाध्यक्ष यादव सिंह चौहान विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच व उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।*

## समाचार प्रकाशन के बाद चेता मंडी प्रशासन

### मंडी परिसर का बारिश का पानी मकान में घुस रहा था

**जीरापुर।** पुरानी कृषि उपज मंडी में सब्जी मंडी संचालित है, जिसमें मंडी समिति को सब्जी व्यापारीयों से एक आय भी अर्जित हो रही है। हरिभूमि समाचार पत्र ने इस बारिश के पानी के कारण रहवासियों को हो रही परेशानी का समाचार प्रमुखता से लगा कर मंडी प्रशासन को जगाया था। उक्त खबर में मानसून एवं बीमारियों से बचाव के लिए नाले की सफाई व्यवस्था कि सब्जी मंडी के एक कोने में रोजाना सड़ी गली सब्जियों के ढेर लगाकर फेंक दिया जाता था आदि उल्लेख किया था। समाचार के माध्यम से मुद्दा उठाया गया एवं तीन दिवस के भीतर साफ सफाई एवं सीसी निर्माण किया गया एवं दुकान विक्रेताओं को समझाइए दी गई थी सड़ी गड़ी सब्जी एवं कचरा को एक जगह एकत्रित करें । तुरंत मंडी सचिव द्वारा समस्या को प्राथमिकता से लिया तथा रहवासी ने खुशी जताई तथा कहा कि प्रशासन द्वारा खाली जगह पर आरसीसी का निर्माण कर नाली बना दी गई जिससे समस्या पर रोक लगी।

### छात्रों ने मुख्यमंत्री नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

## मॉडल स्कूल ने दसवीं में 60 प्रतिशत से कम अंक लाने वाले विद्यार्थियों को निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं बारहवीं के परिणाम जारी होने के बाद खराब परिणामों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के अनुसार खराब परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षकों से जवाब तलब किए गए थे। इसी बीच अब मॉडल स्कूलों को लेकर नए आदेश लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी कर दिए हैं। जिसके अनुसार प्रदेश के लगभग 201 मॉडल स्कूलों से खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बाहर किया जा चुका है। इसी के तहत सारंगपुर में स्थित शासकीय मॉडल स्कूल में पढ़ने वाले एक दर्जन से ज्यादा छात्रों को 60 प्रतिशत से कम अंक लाने पर स्कूल में प्रवेश नहीं दे रहे हैं, जबकि यह विद्यार्थी मॉडल स्कूल में पहले से कक्षा 10 वी पास किए गए हैं। छात्रों सहित परिजनों ने शुक्रवार को एसडीएम संजय उपाध्याय को मुख्यमंत्री सहित लोक शिक्षण संचालनालय तथा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग की है की जल्द समस्या का हल निकालकर पुनः मॉडल स्कूल में प्रवेश दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में कुलदीप, संदीप, सुमित, बलराम, आयुषी भिलाला सहित छात्र एवं परिजन मौजूद थे।



## ट्रामा के बाहर मिला नवजात बालिका शिशु का शव

**राजगढ़।** जिला अस्पताल स्तिथ ट्रामा सेंटर के बाहर शुक्रवार दोपहर एक नवजात बालिका शिशु का शव पड़ा हुआ मिला है। नग्न हालत में पड़े दिखे नवजात का शव देख मौके पर कईं लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रबंधन को जानकारी लगने पर अस्पताल चैकी के स्टाफ को सूचित कर शव को मर्चरी में रखवाया गया।उक्त शव को कब और किसने यहां लाकर फेंका इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है। प्रबंधन द्वारा सीसीटीवी फुटेज को भी चेक किया गया लेकिन उससे भी कोई जानकारी नहीं लग पाई। इसके साथ ही ट्रामा सेंटर की डिलेवरी विंग के रजिस्टर एवं एडमिट नवजातों से भी कोई गायब नहीं मिला है। एसडीएम राजगढ ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली। बहरहाल, पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### सीएमएचओ ने बीएमओ को भी मांगा जवाब

# निरीक्षण में अनुपस्थित मिले मेडिकल ऑफिसर को नोटिस

**राजगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडीवा ने 12 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश गौर अनुपस्थित मिले थे। सीएमएचओ को ज्ञात हुआ था कि एमओ गौर कभी-कभार ही केंद्र पर आया करते हैं। इसके साथ धामंदा केंद्र पर अनेकों कमियां और लापरवाहियां भी सामने आई थीं।

इस पर सीएमएचओ ने मेडिकल ऑफीसर सहित मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सारंगपुर को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। गौर को जारी नोटिस में उल्लेख है नियमित ओपीडी में मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं की पंजी संधारित होती है, उक्त पंजी की तीन महीनों की जानकारी उपस्थित करें। संस्था में एएनसी क्लीनिक एवं एनसीी क्लीनिक का आयोजन क्यों नहीं किया जा रहा है एवं इसका पृथक से कोई रिकार्ड संधारित क्यों नहीं किया गया। केंद्र पर संस्थागत प्रसव नहीं होने का जवाब भी मेडिकल ऑफीसर से चाहा गया है। इसके साथ ही ओपीडी से प्राप्त राषि रोगी कल्याण समिति के खाते में जमा किए जाने तीन महीने का लेखा भी सीएमएचओ ने मेडीकल ऑफिसर से मांगा है साथ ही अन्य जानकारी चाही गई हैं।



#### तीन दिवस में चाहा गया प्रतिवेदन

*गंभीर लापरवाहियों पर जारी उक्त कारण बताओ नोटिस का प्रतिवेदन सीएमएचओ ने तीन दिवस की अवधि में मय रिकार्ड के चाहा है। समय पर प्रतिवेदन न दिए जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।*

### महिला बाल विकास दफ्तर में निकला 8 फीट का सर्प

**राजगढ़।** बारिश के मौसम में जहरीले जंतु अपने बिलों, पोखरों इत्यादि से बाहर निकलकर बस्तियों में पहुंच रहे हैं। पिछले दिनों न्यायाधीश के निवास क्षेत्र, अजाक थाना परिसर सहित विभिन्न स्थानों से सांपों एवं गोहरों निकले चुके हैं। शुक्रवार को कलेक्टोरेट में महिला बाल विकास विभाग के कक्ष में एक सर्प घुस आया। करीब आठ फीट लंबे सांप को देखकर वहां काम कर रहे कर्मचारी दहशत में आ गए और कक्ष से बाहर निकल आए। बाद में सर्प पकड़ने वाले को बुलवाया जिन्होंने सांप को पकड़कर उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ा।

**दहशत में आए कर्मचार**

# नपा उपाध्यक्ष ने सीएमओ को लिखा पत्र

### बोले- पुरानी और नई कॉलोनी में विकास शुल्क एक जैसा उचित नहीं

**सारंगपुर।** नगर पालिका में लिए जाने विभिन्न शुल्क में अनियमितता की शिकायत नपा उपाध्यक्ष ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर की है। शिकायत के अनुसार नई और पुरानी कॉलोनियों में विकास शुल्क एक जैसा है, जबकि एक कॉलोनी में एक से अधिक मकान वालों से स्वच्छता शुल्क भी अलग-अलग वसूला जा रहा है।




दरअसल, सारंगपुर निकाय में नामांतरण प्रकरणों में नई और आधुनिक कॉलोनी रहवासी और पुरानी बसीगत के रहवासियों से विकास शुल्क एक जैसा है। जबकि नवीन कॉलोनियों की अपेक्षा पुराने रहवासी क्षेत्रों में गरीब परिवार और पारंपरिक रूप से रहते आ रहे परिवार निवास करते हैं। इनके लिविंग स्टेटस में काफी अंतर है। उसके बावजूद नामांतरण के दौरान एक बराबर शुल्क वसूला जा रहा है। वहीं एक से अधिक संपति होने पर अथवा एक ही कॉलोनी में दो मकान होने पर दोनों मकान से अलग-अलग गारबेज शुल्क वसूला जाता है, जो उचित नहीं है। मामले में शुक्रवार को नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा ने बताया कि कोरोना की स्थिति से शहर गुजरा है। लोग अभी तक आर्थिक हालातों से नहीं उबरे हैं। रोजगार से त्रस्त हैं। ऐसे में नागरिकों को राहत मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य से कई बार मौखिक रूप से कहने के बाद अब पत्र लिखकर अवगत कराया है।

## ट्रेनिंग सेंटर होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग को निजी होटलों का सहारा



**ब्यावरा।** एक तरफ बजट का रोना रोकर कई महत्वपूर्ण काम न होने का रोना रोने वाला जिला अस्पताल के हाल यह है कि शासन द्वारा बनाया गया टेनिंग सेंटर होने के बाद भी अधिकारी बजट का दुरूप्योग करने में लगे हुए है। शुक्रवार को नियमित टीकाकरण और उसके माइक्रोप्लानिंग पर एक वर्कशाप का आयोजन शहर के एक निजी होटल में किया गया। डब्ल्यू एच ओ के द्धारा दिए गए फंड को जरूरतमंद परिवारों तक इसका लाभ पहुंचाने की जगह होटलों में खर्च किया जा रहा है जबकि इस तरह की ट्रेनिग के लिए जिला अस्पताल के पास काला खेत में ट्रेनिंग सेंटर मौजूद है। इस बारे में जब टेनिंग इंचार्ज सुनील वर्मा से बात की गई तो उन्होने कहा कि मैं तो थोडी देर के लिए गया था मेरा कुछ लेना देना नहीं और अपनी बात वैक्सीनेशन जिला अधिकारी पर डालते दिखे।

# मंदिर मार्ग पर कीचड़ से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर परिषद द्वारा स्वच्छता के नाम पर ऐसा लगने लगा कि मात्र औपचारिकताएं पूरी की जाती नजर आ रही हैं। नगर के गली मोहल्ले सहित ऐसे अनेक स्थान हैं जहां पर आए दिन गंदगी का साम्राज्य बना रहता है। जिससे मोहल्ले वासियों को तो परेशानी का सामना करना ही पड़ता है लेकिन अकस्मात नगर में आने वाले मेहमानों को भी स्वच्छता की यह तस्वीर से दो चार होना पड़ता है। इतना ही नहीं उस स्थान पर निकलने में परेशानी का सामना भी करना आम बात हो गई है। नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बागवाले हनुमान गोपचौहान मंदिर के मार्ग पर बारिश के दिनों में कीचड़ मचा रहता है। वहां से गुजरने वालों आम लोगों ने भी 181 सहित नगर परिषद को उक्त समस्या से अवगत कराया। लेकिन नगर परिषद में आवेदन देने एवं सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों सहित जिम्मेदार कर्मचारियों ने उक्त समस्या के त्वरित निराकरण की जगह अनदेखी कर दी। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतकर्ता ने बताया कि आवेदन देने पर सिर्फ काम करने का आश्वासन दिया जाता है। जबकि मन्दिर पर रोजाना 250-300 लोग दर्शन करने जाते हैं। दर्शन को जाते वक्त कीचड़ से निकल कर जाना पड़ता है। जहां काफी परेशानी का सामना लोगों को करना पड़ता है।



### ब्लड बैंक में नहीं था संबंधित ग्रुप का ब्लड

## जरूरतमंद को ब्लड देने राजगढ़ पहुंचे पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी

**राजगढ़।** बहुत ही कम लोग ही अपरिचित जरूरमंदों को स्वेच्छा से रक्तदान किया करते हैं। ब्यावरा के पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने यह चरितार्थ करके दिखाया है। जिला अस्पताल में एडमिट कूकलियाखेड़ी निवासी पेंशेट सरवन सिंह सौंधिया को ओ-पॉजिटिव ब्लड की नितांत आवष्यकता थी। उक्त ग्रुप का ब्लड तत्समय ब्लड बैंक में नहीं था।



यह सूचना पूर्व विधायक दांगी को मिलने पर वे तुरंत अपने वाहन से राजगढ़ जिला अस्पताल पहुंचे और पेंशेट सरवन के लिए अपना ब्लड डोनेट किया। दांगी की इस सहृदयता पर पेंशेट के परिजनों ने उनका आभार व्यक्त किया। दांगी ने आमजनों से भी आगृह किया है कि सभीजन समय-समय पर रक्तदान करते रहें ताकि ब्लड बैंक में रक्त की कमी न रहे। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल का ब्लड बैंक इन दिनों रक्त की कमी से जूझ रहा है। दरअसल, मरीज व परिजनों द्वारा आवष्यकता पड़ने पर यहां से ब्लड ले तो लिया जाता है लेकिन रिप्लेंसमेंट बहुत ही कम हो पाता है जिसके कारण रक्तकोष में कम ग्रुपों का रक्त ही बचा हुआ है।

### जिले में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी ली

# आगामी कार्यक्रमों को लेकर विहिप बजरंगदल की जिला बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

विश्व हिन्दू परिषद बरजंगदल की जिला बैठक गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर नरसिंहगढ़ में सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रम बूढ़ा अमरनाथ यात्रा, विहिप स्थानपना दिवस व अखंड भारत संकल्प दिवस को लेकर कार्ययोजना बनाई गई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्रसिंह ने पूर्व में संगठन द्वारा जिले में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी ली। वहीं आगामी कार्यक्रमों को लेकर मध्यप्रांत की कार्ययोजना बताई।

उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी पर विश्व हिन्दू परिषद अपने साठ साल पूर्ण करने वाला है। इस अवसर पर प्रत्येक गांव व समितियों में स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए मंदिरों को शक्ति केन्द्र बनाया जाना चाहिए। वहीं मुख्यमार्ग, हाटबाजार, संवेदनशील मौहल्ले व माध्यमिक व उच्च शिक्षा केन्द्रों पर संपर्क साधकर समितियां गठित की जाए। मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ, प्रभातफेरी निकाली जाए, जिससे हिन्दू समाज की शक्ति को जाग्रत किया जा सके। मातृशक्ति को सक्षम बनाया जाए, वहीं बेरोजगार बहन-भाईयों की सूची बनाई जाए। साथ ही उनके लिए कार्यशालाएं आयोजित कर प्रशिक्षित किया जाए, जिससे वह आत्मनिर्भर हो सके। बैठक में बूढ़ा अमरनाथ चट्टान यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। आगामी 5 अगस्त को जिले से बूढ़ा अमरनाथ यात्रा निकाली जाना है, जिसमें जिले से 70 बजरंगदल कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस मौके पर 14 अगस्त को मनाए जाने वाले अखंड भारत संकल्प दिवस की कार्ययोजना बनाई गई, संकल्प दिवस कार्यक्रम जिले के आठ प्रखंड केन्द्रों पर मनाए जाएंगे।



बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष नवलसिंह भदौरिया, प्रांत सहसंयोजक अवधेश तिवारी, प्रांत सेवाप्रमुख गोपालदास राठी, विभाग मंत्री कपिल शर्मा, विभाग संयोजक राजू मीना, विभाग संयोजिका रिंकू सुनेरी, विभाग गौरक्षा प्रमुख राजेन्द्रसिंह, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष चैरसिया,रीना चैधरी, संयोजक रघुनंदन लववंशी, शैलेन्द्रसिंह नरुका, निकेश पुष्पद, जिला प्रचारप्रसार प्रमुख मनोज पाठक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वर्णकार समाज ने किया पौधरोपण



**सारंगपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम के तहत सारंगपुर में स्वर्णकार समाज द्वारा श्री राधाकृष्ण सोनी समाज मन्दिर धर्मशाला परिसर में वृक्षारोपण किया। हरा भरा सारंगपुर साफ सुथरा सारंगपुर के नारा के साथ परिसर में समाज के महिला, युवा द्वारा वृक्ष का रोपण किया। इस अवसर समाज के जिलाध्यक्ष गोपाल सोनी, नगर अध्यक्ष कैलास सोनी, यशवन्त सोनी, युवा अध्यक्ष गुजन सोनी,महिला अध्यक्ष श्रीमति मोना सोनी आशा सोनी, सरोज सोनी, लता सोनी पर्यावरण प्रेमी नन्दकिशोर सोनी, वल्लभ सोनी, मांगीलाल सोनी, नन्दकिशोर स्वर्णकार, जगदीश सोनी, हरिओम सोनी सन्तोस सोनी, सुमित सोनी आदि समाज जन उपस्थित थे।